भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1227

(दिनांक 11.02.2021 को उत्तर के लिए)

सिविल सेवा परीक्षा में अनियमितताओं के संबंध में शिकायतें

1227. श्री नीरज डांगी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत 10 वर्षों के दौरान सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम में कब-कब समेकित रिजर्व लिस्ट जारी की गई है, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ;
(ख) क्या यह सच है कि सिविल सेवा परीक्षा, 2019 की चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और
(ग) यदि हां, तो क्या इसकी निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ग) : एक गोपनीय समेकित रिजर्व लिस्ट का रख-रखाव करने के लिए, अन्य बातों के साथ प्रत्येक वर्ष सिविल सेवा परीक्षा नियमों के भीतर प्रावधानों को शामिल किया जाता है, जिसमें कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा इस संबंध में भेजी गई आवश्यकता के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा और उम्मीदवारों की संस्तुति की जाती है। गत 10 वर्षों के दौरान, आयोग द्वारा प्रकाशित की गई रिजर्व लिस्ट का विवरण **अनुलग्नक-I** पर संलग्न है। इस संबंध में कोई ठोस शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

अनुलग्नक-।

'सिविल सेवा परीक्षा में अनियमितताओं के संबंध में शिकायतें' के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा दिनांक 11/02/2021 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1227 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-।

पिछले 10 वर्षों के दौरान आयोग द्वारा प्रकाशित की गई रिजर्व सूची का विवरण

क्र.सं.	**परीक्षा का नाम**	**रिजर्व लिस्ट जारी करने की तिथि**	**संस्तुति किए गए उम्मदवारों की संख्या**
1.	सीएसई2010-	01 मई,2012	119
2.	सीएसई2011-	07 मार्च,2013	89
3.	सीएसई2012-	24 अप्रैल,2014	90
4.	सीएसई2013-	17 अप्रैल,2015	105
5.	सीएसई2014-	19 जनवरी,2016	126
6.	सीएसई2015-	29 जून,2016	86
7.	सीएसई2016-	08 दिसम्बर,2017	109
8.	सीएसई2017-	30 अगस्त,2018	66
9.	सीएसई2018-	11 अक्तूबर, 2019	53
10.	सीएसई2019-	04 जनवरी,2021	89

एनबी : संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सीएसई-2002 से रिजर्व लिस्ट का रख-रखाव किया जा रहा है।

******